>

Title: Need to resist reported violation in Indian territory by China at Tawang in Arunachal Pradesh.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, यह एक दुखद घटना है कि 3 नवम्बर, 2007 को हमारे पड़ोसी देश चीन की सेना ने अपनी सीमा से सटे भारत के अरूणाचल प्रदेश के त्वांग सेक्टर में घुसकर उसके एक हिस्से पर कब्जा जमा लिया है तथा इस दौरान उन्होंने भगवान बुद्ध की एक प्रतिमा को भी ध्वस्त किया है। यह भी अत्यधिक खेद का विषय है कि चीन अरूणाचल प्रदेश में लगातार आगे बढ़ता जा रहा है, लेकिन केन्द्रीय सरकार इस मामले को चीन के साथ गंभीरता से नहीं उठा रही है।

यह विश्व विख्यात है कि भगवान बुद्ध शांति के प्रतीक हैं और हमारा देश एक शांतिप्रिय देश है तथा भगवान बुद्ध के शांति प्रतीक के रूप में हमारे देश की एक अति उत्तम उज्जवल छवि है। लेकिन एक पड़ोसी देश द्वारा हमारे देश की सीमा पर कब्जा करना और विश्वभर में शांति के लिए विख्यात भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनादर करके उसको ध्वस्त करना एक गंभीर मामला है।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह इस प्रकरण को गंभीरता से लेकर देश की भूमि से चीन का कब्जा हटाये जाने और भगवान बुद्ध की प्रतिमा को यथावत स्थापित किए जाने हेतु देश के ही नहीं, बल्कि विश्व के शांतिप्रिय लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचने से बचाये जाने हेतु आवश्यक कदम तत्काल उठाए।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : महोदय, तस्लीमा नसरीन के बारे में कई दिन से पूछ रहे हैं कि क्या स्थिति है, वह कहां हैं, रात को दस बजे आईबी वाले उनको यहां से लेकर चले गए। आखिर एक महिला को इस तरह जगह-जगह से खदेड़ा जा रहा है। The Leader of the House is here. He should apprise the House as to what is happening. एक महिला जिसको वीजा दिया गया है, वह हिंदुस्तान के संरक्षण में है और हिंदुस्तान की पूरी सरकार मिलकर उसे सुरक्षा प्रदान नहीं कर पा रही है। कभी उन्हें यहां से राजस्थान भेज दिया जाता है और कभी राजस्थान से दिल्ली आती हैं और फिर दिल्ली से एकदम उन्हें कहां ले गए, यह किसी को पता नहीं है। सदन को इसके बारे में बताया जाना चाहिए। Leader of the House should apprise the House....(*Interruptions*)

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY (PURI): The Leader of the House, the hon. Minister of External Affairs, is shortly visiting Bangladesh ...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): The hon. leader and Members have a right to raise any matter and the Government is duty-bound to respond. But, if every now and then, before the Agenda, anybody gets up and raises an issue, then how would House be run?...(*Interruptions*)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : The notice has been given to the Speaker....(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: In the 'Zero Hour', notice could be certainly taken up. Today, it was decisively decided that Assam statement will be made, and then the Speaker will fix time, when the Home Minister is available, to respond to the situation of Assam. At that time, the Agenda started by 'Call Attention'; now we are in the Legislative Business. Why do you not bring it again tomorrow? I will support you and ask the concerned Minister to respond ...(*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :आपकी सो-कॉल्ड सेकुलर गवर्नमेंट यह बताने के लिए तैयार नहीं है कि इस बारे में क्या किया जा रहा है? You can inform the House where she is at the moment...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: My appeal to Malhotra*ji* is that I am not ruling out taking up your issue. I will make the availability of the Minister to respond certainly tomorrow....(*Interruptions*)

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : The hon. Leader of the House is also present here....(*Interruptions*)

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : महोदय, मैं आपके माध्यम से प्रतिपक्ष से विनम्र निवेदन करता हूँ कि माननीय जयपाल जी से सम्बन्धित जो आइटम नं020 एवं 21 हैं, उनमें से एक डिसएप्रूवल ऑफ आर्डिनेंस है, जिसके बारे में मेंबर्स को बोलने का अधिकार है। लेकिन जहां तक दूसरे विषय का सम्बन्ध है, चूंकि इस पर सभी लोग सहमत हैं, यह दिल्ली का मसला है, इसलिए मैं चाहता हूँ कि इसे अगर बिना बहस पारित किया जाए तो हम महत्वपूर्ण बोनस के मामले को ले सकते हैं।

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : You take some time for discussion. बिना बहस कैसे पारित हो सकता है?

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : मैंने यह नहीं कहा कि आपको बहस नहीं करनी है, अवश्य कीजिए लेकिन यह मामला दिल्ली का है, दो बार वापस गया है, तीन बार प्रस्तुत होकर आया है। इस पर सभी लोगों की सहमति है, केवल समय की बचत के लिए मैंने यह कहा है, लेकिन अगर आप बहस करना चाहते हैं तो कीजिए।

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : Mr. Deputy-Speaker, Sir, the Leader of the House is also present. He is shortly visiting

Bangladesh. He is likely to visit Bangladesh. Can he also take up this Taslima issue with the Bangladesh Government?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Tomorrow, the Government will reply.

14.34 hrs.